तथ्य-पत्र - पद-चिह्न खोजने की क्षमता

कनेडियन्स के लिये सुरक्षित खाद्य के कानून (ऐस.ऐफ.सी.आर.)

पद-चिह्न खोजने की क्षमता भोजल अथवा खाद्य पदार्थ की एक कदम आगे और एक कदम पीछे की गतिविधि का पता लगाने की क्षमता है।

ऐस.ऐफ.सी.आर. के अन्तर्गत पद-चिह्न खोजने की क्षमता की आवश्यकताएं उन अधिकतर कारोबारों पर लागू होंगी जो -

- खाद्य का आयात करते हैं
- खाद्य का निर्यात करते हैं
- प्रांतीय या क्षेत्रीय सीमाओं के पार खाद्य वस्तुओं को वितरित या भेजें
- निर्यात करने या प्रान्तों अथवा क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजे जाने के लिये खाद्य वस्तुओं का निर्माण, प्रक्रिया, उपचार, वर्गीकरण, भंडारण, पैकेजिंग या लेबलिंग करते हैं
- निर्यात करने या प्रान्तों अथवा क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजे जाने के लिये ताजे फलों या सब्जियों की फसल उगाते हैं
- मांस उत्पाद निर्यात करने या प्रान्तों अथवा क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजे जाने के लिये ऐसे खाद्य-पशुओं का वध करते हैं जिनसे मांस उत्पाद प्राप्त होते हैं
- कॅनेडियन खाद्य निरीक्षण एजन्सी (सी.ऐफ.आई.ए.) व्दारा निरीक्षण के लिये मांस पदार्थ का उसकी आयातित स्थिति में भंडारण और व्यवहार करते हैं, या
- फुटकर में खाद्य बेचते हैं, जिसका पिछला एक कदम पता लगाना आवश्यक हो सकता है परन्तु उपभोक्ता तक आगे का कदम नहीं।

पद-चिह्न खोजने की क्षमता की आवश्यकताएं रैस्टोरैन्टों या उन जैसे अन्य कारोबारों पर लागू नहीं होंगी।

ट्रेसिबिलिटी इंटरैक्टिव टूल का उपयोग करके पता लगाएं कि ट्रेसिबिलिटी की कौन सी आवश्यकताएं आप पर लागू होती हैं, और कब लागू होती हैं। इसमें केवल 5 मिनट लगते हैं।

यह कैसे काम करेगा?

प्रस्तावित पद-चिह्न खोजने के दस्तावेज अनिवार्य -

- **खाद्य का पहचान बताएं** - खाद्य का आम नाम, उस व्यक्ति का नाम और पता जो खाद्य निर्मित, तैयार, बनाया जाना, भंडारण, पैक या लेबल करता है, और खाद्य का पता लगाने के लिए लॉट कोड[2] या अन्य अद्वितीय पहचानकर्ता
- **एक कदम पीछे** आपके खाद्य प्रदायक की जानकारी दे सके, जिसमें सम्मिलित है वह तिथी जब उसने आपको खाद्य प्रदान किया
- **एक कदम आगे** आपके खाद्य प्राप्तकर्ता की जानकारी दे सके, जिसमें सम्मिलित है वह तिथी जब आपने उसे खाद्य प्रदान किया
- यदि लागू हो तो एक कदम पीछे उस सामग्री की जानकारी जिसका उपयोग आपने खाद्य बनाने के लिये किया था, जिसमें सम्मिलित है आपको सामग्री प्रदान किये जाने की तिथि

- यदि लागू हो तो एक कदम पीछे खाद्य-पशुओं की पहचान और उनके वध की तिथि

स्पष्ट और पठनीय रिकॉर्ड्स दो वर्ष के लिये बनाए रखने होंगे, कॅनेडा में सुलभ हों, और अनुरोध पर सी.ऐफ.आई.ए. को प्रदान किये जाने चाहिये। जहाँ इलैक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स का उपयोग होता है, उन्हें एक ही फाइल में ऐसे फॉरमेट में प्रदान करना है जो सामान्य वाणिज्यिक सॉफ्टवेअर में सरलता से खोला और इस्तेमाल किया जा सके।

यह क्यों महत्वपूर्ण है

जबकि कॅनेडा में कई कारोबारों के पास पद-चिह्न खोजने की क्षमता की प्रणालियां स्थापित हैं, कई औरों के पास नहीं हैं। इससे खाद्य सुरक्षा की जाँच और माल-वापसी की प्रभावशीलता और समयबध्दता प्रभावित हो सकती है।

वह कारोबार जो उन्हें प्रदान किए गए प्रत्येक खाद्य का स्त्रोत पता लगा सकें (एक कदम पीछे) और उसके अगले गंतव्य का (एक कदम आगे), आवश्यकता पड़ने पर स्पष्ट और समयानुकूल जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह, कारोबारों के लिये असुरक्षित खाद्य को बाजार से हटाने में लगने वाले समय को काफी हद तक कम कर सकता है। यह कॅनेडियन्स को बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगा और कॅनेडा की खाद्य सुरक्षा प्रणाली में विश्वास में वृध्दि करेगा।

इसमें भी आपकी रुचि हो सकती है -

- वीडियो - *कॅनेडियन्स के लिये सुरक्षित खाद्य* के कानून के लिये तैयार हो जाएं
- ट्रेसिबिलिटी इंटरैक्टिव टूल
- कानूनी शर्तें: ट्रेसिबिलिटी
- कॅनेडियन्स के लिये सुरक्षित खाद्य के कानूनों को समझना - खाद्य कारोबारों के लिये एक पुस्तिका

[1] लॉट कोड एक कोड को संदर्भित करता है जो उन्ही परिस्थितियों में निर्मित, तैयार, उत्पादित, संग्रहीत, वर्गीकृत, पैक या लेबल किये लॉट की पहचान बता सकता था। लॉट कोड संख्यात्मक, वर्णमाला या अल्फान्यूमेरिक हो सकता है।

[1] अद्वितीय पहचानकर्ता एक कोड को संदर्भित करता है जिसका उपयोग भोजन की विशिष्ट मात्रा की पहचान करने के लिए की जा सकती है। इसमें लॉट कोड, खरीद आर्डर संख्या, या बिल आफ लेडिन्ग भी शामिल हो सकता है